हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, मंगलवार, 8 अप्रैल, 2025

तापमान
अधिकतम 41.5 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

11 किस्त नहीं आने पर एडीसी कार्यालय पर किया प्रदर्शन



12 प्लाट आवंटन को लेकर बीडीपीओ से मिले ग्रामीण



### मेयर उपचुनाव के बाद पहली बार हुई बैठक, हंगामे के बीच कई प्रस्ताव पास

# नगर निगम हाउस की बैठक में तय किया बजट 345.67 करोड़ आय, 578.47 करोड़ खर्च करेंगे

■ इस बार सबसे अधिक बजट 318 करोड़ रुपये विकास कार्यों पर खर्च होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नगर निगम में मेयर उपचुनाव के उपरांत पहली बार हाउस की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में 2025-26 के लिये बजट पर चर्चा की गई। बैठक में निगम के मेयर, कमिश्नर व पार्षदों के अलावा विधायक भी मौजूद रहे। बैठक में शहर के विकास को लेकर कुल 578 करोड़ 47 लाख रुपये पास किए गए। इसमें सौंदर्यीकरण को लेकर भी मद शामिल किया गया है। इसके अलावा निगम ने आगामी समय के लिये 345 करोड़ रुपये से अधिक की आय अर्जित करने का लक्ष्य भी तय किया गया है। बैठक में विधायक निखिल मदान, मेयर राजीव जैन, नगर निगम कमिश्नर हर्षित कुमार के अलावा सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा, डिप्टी मेयर मनजीत गहलावत, फाइनैंस कमेटी के वाइस चेयरमैन सुरेन्द्र मदान एवं पार्षदगण मौजूद रहे।

बैठक की शुरूआत में कुल 564 करोड़ रुपये का बजट तय किया गया था, लेकिन शहर के विकास से संबंधित कुछ और सुझावों पर काम करने के लिये बजट को बढ़ाकर 578 करोड़ रुपये कर दिया गया। इस बजट को पास करते हुए निगम ने संसाधनों से कुल 345 करोड़ 67 लाख 93 हजार आय अर्जित करने का लक्ष्य रखा। बैठक के दौरान अधिकारियों की कार्यप्रणाली को लेकर पार्षदों ने रोष जताया। निगम अधिकारियों पर भेदभाव का आरोप लगाया।



सोनीपत। नगर निगम में हाउस की बैठक के दौरान उपस्थित विधायक, मेयर, अधिकारी एवं पार्षद।

#### यहां से होगी इनकम

निगम की आय पर चर्चा करते हुए 2025-26 के लिये आय अर्जित करने का लक्ष्य 345 करोड़ रुपये का रखा गया है। इसमें कुल मिलाकर 11 मद रखे गए हैं। इसमें से सबसे अधिक आय 95 करोड़ रुपये सरकारी ग्रांट से प्राप्त होंगे। वहीं इसके बाद सबसे अधिक आय टैक्स से बताई गई है, जोकि कुल 62 करोड़ रुपये हैं। वहीं सेस व ड्यूटी से 40 करोड़ से अधिक की रकम प्रापत होगी। विभिन्न चार्जेज के जरिये 25 करोड़, ब्याज से 21 करोड़ रुपये और अलग-अलग जगहों से 55 करोड़ रुपये की आय भी शामिल हैं। इसके अलावा भी किराया, लीज, सेल व ऑक्शन, फीस, फाइन, लोन एडवांस सरीखे मदों से आय दिखाई गई है।

#### इन मदों पर खर्च किए जाएंगे

खर्चे के लिये निगम ने कुल 7 मदों को तय किया है। इसमें सबसे अधिक बजट विकास कार्यों पर खर्च करेगा। जिसकी सीमा 318 करोड़ रुपये तय की गई हैं। वहीं इसके बाद सबसे बड़ा खर्चा सफाई, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, रखरखाव पर किया जाएगा। जिसकी कुल कीमत 139 करोड़ रुपये आंकी गई है। वहीं 25 करोड़ रुपये लोन, एडवांस पर, 62 करोड़ रुपये इस्टाबलिशमेंट एक्सपेंडेचर, 12 करोड़ प्रशासनिक एक्सपेंडेचर, 5 करोड़ अन्य खर्चों के लिये रखे गए हैं।

#### ज्यादा आय, ज्यादा खर्च

निगम की हाउस बैठक में बताया गया कि पिछले वित्त वर्ष में अनुमानित आय 310 करोड़ रुपये से अधिक आंकी गई थी, हालांकि आय के तौर पर 228 करोड़ रुपये प्राप्त किए जा सके थे। इसी तरह 2023-24 के वित्त वर्ष के लिये भी अनुमानित आय 398 करोड़ से अधिक की थी, लेकिन वास्तविकता में 246 करोड़ रुपये प्राप्त किए जा सके थे। जबकि 2022-23 वित्त वर्ष में 285 करोड़ रुपये की अनुमानित आय के मुकाबले में 167 करोड़ रुपये की आय प्राप्त की जा सकी थी। इसी तरह से खर्चे की बात करें तो 2022-23 वित्तीय वर्ष में 347 करोड़ रुपये के अनुमानित बजट में से 151 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे। वर्ष 2023-24 के लिये 516 करोड़ रुपये के अनुमानित बजट में से 178 करोड़ रुपये खर्च किए।

#### रुके हुए कामों में तेजी आएगी, असर दिखेगा

नगर निगम हाउस की बैठक में 578 करोड़ रुपये के बजट को पास किया गया है। बजट में सबसे अधिक हिस्सा विकास कार्यों पर खर्च किया जाएगा। निगम की आय 345 करोड़ रुपये से अधिक का लक्ष्य रखा गया है। बैठक में कुछ पार्षदों ने अपनी आपत्ति जताई थी, उनकी आपत्ति पर चर्चा की गई है। सभी वार्डों में समान रूप से कार्य किया जाएगा। लोगों को सुविधा देने के लिये विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई है। बजट से शहर के विकास को गति मिलेगी। रुके हुए कामों में तेजी आएगी।

*-राजीव जैन, मेयर, सोनीपत*

#### टैक्स रिकवरी, आय के साधनों पर जोर रहेगा

हाउस की बैठक में विकास कार्यों के लिये बजट मंजूर किया गया है, जोकि खर्चों में सबसे ज्यादा है। निगम की आय को भी बढ़ाने पर जोर दिया गया है। पिछले वर्ष के मुकाबले 120 करोड़ रुपये अधिक बढ़ाने पर मंथन किया गया है। हालांकि पिछले वित्त वर्ष के अनुमानित आय के मुकाबले आय कम ही प्राप्त की जा सकी थी। टैक्स रिकवरी और अन्य आय के साधनों पर जोर दिया जाएगा।

*-हर्षित कुमार, कमिश्नर, नगर निगम सोनीपत।*

## 9.34 करोड़ के विकास कार्यों को मंजूरी

**सोनीपत।** नगर निगम कार्यालय में सोमवार को वित्त एवं अनुबंध समिति की बैठक हुई। मेयर राजीव जैन की अध्यक्षता में हुई बैठक के दौरान 9.34 करोड़ रुपये से होने वाले विकास कार्यों को मंजूरी दी गई है। जल्द ही नगर निगम की ओर से टेंडर लगाकर विकास कार्यों को सिरे चढ़ाया जाएगा। इस दौरान तालाब सुंदरीकरण के तीन प्रस्ताव और प्रभु नगर औद्योगिक क्षेत्र में बिछाने जाने वाले इंटरलॉक ब्लॉक के प्रस्ताव को स्थगित रखा गया। इन प्रस्ताव को मंजूरी देने से पहले निगम कमिश्नर हर्षित कुमार मौके का मुआयना करेंगे। बैठक के दौरान उन विकास कार्यों को सिरे चढ़ाने का प्रयास किया गया जो पहले भी समिति की बैठक में प्रस्ताव रखे जा सके है। इनमें वार्ड-5 में देवडू रोड से श्मशान घाट पुलिया तक रास्ते को पक्का करने के लिए 71.61 लाख रुपये का प्रस्ताव मंजूर किया गया। वार्ड-3 में सेक्टर-12 पार्ट-3 चहारदिवारी व ग्रीन बेल्ट पर 70.87 लाख रुपये का प्रस्ताव मंजूर किया। गढ़ शाहजहांपुर, शाहपुर तुर्क, रेवली व फाजिलपुर को जोड़ने वाले मार्ग पर 2.46 लाख रुपये खर्च करने का निर्णय लया। वार्ड-1 के पुरखास रोड पर शिवमंदिर के पास गली के निर्माण व सीवर लाइन डालने के लिए 53 लाख के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। वार्ड-2 में कोट मोहल्ला में 99 लाख रुपये गली के निर्माण व वार्ड-3 में सेक्टर-14 में बारिश के पानी निकासी की लाइन डालने व गलियों के निर्माण पर 1 करोड़ 99 लाख 66 हजार रुपये के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। बैठक में सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा, डिप्टी मेयर मनजीत गहलावत, समिति उपाध्यक्ष सुरेंद्र मदान, समिति सदस्य सुरेंद्र नैय्यर मौजूद रहे।

## नेपाली युवक ने बयां किया दर्द- सोनीपत में कार्यरत पिता दो साल से लापता

■ मानव अधिकार संरक्षण संघ से मांगी सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मानव अधिकार संरक्षण संघ की मानव अधिकार हेल्पलाइन सेवा पर रविवार को नेपाल से एक युवक रामगिरी द्वारा एक संवेदनशील मामला सामने लाया गया। युवक ने बताया कि उनके पिता शोभा कांत गिरी लगभग 15 वर्ष पूर्व रोज़गार की तलाश में नेपाल से सोनीपत आए थे और यहां कार्यरत थे। वे समय-समय पर नेपाल वापस जाकर परिजनों से मिलते भी रहते थे। हालांकि, पिछले लगभग दो वर्षों से उनका अपने परिजनों से कोई संपर्क नहीं हो पा रहा है। रामगिरी ने बताया कि उनके परिवार ने अपने स्तर पर शोभाकांत गिरी को तलाशने के कई प्रयास किए, लेकिन उन्हें कोई सफलता नहीं मिली। अंततः, उन्होंने अपनी इस समस्या के समाधान हेतु मानव अधिकार संरक्षण संघ से संपर्क किया। संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयवीर गहलावत ने आश्वासन दिया कि संघ द्वारा इस मामले में हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी और शोभाकांत गिरी की वर्तमान स्थिति का पता लगाने के लिए सभी प्रयास किए जाएंगे।



गुमशुदा शोभ कांता

## खुरर्मपुर में अवैध खनन करते रेत से भरी दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियां पकड़ी

**सोनीपत।** खनन विभाग की टीम ने गांव खुरर्मपुर में अवैध खनन करते हुए रेत से भरी हुई दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को काबू किया गया तथा टीम द्वारा उक्त ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को पुलिस थाना कुण्डली में जब्त कर दिया गया। जिला खनन अधिकारी ने बताया कि खनन विभाग की टीम राष्ट्रीय राजमार्गों, राज्य मार्गों और अन्य प्रमुख मार्गों पर सक्रिय रूप से तैनात है। उन्होंने कहा कि जिला में जहां-जहां अवैध खनन की अधिक संभावना है। वहां पर विशेष चौकसी बरती जा रही है। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और विभागीय स्तर पर निरंतर निगरानी रख रहे है।



## प्राइवेट स्कूल मचा रहे लूट, अधिकारों का हो रहा हनन, सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

■ क्राइम कंट्रोल एंड ह्यूमन राइट्स ऑर्गेनाइजेशन ने उठाई आवाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

क्राइम कंट्रोल एंड ह्यूमन राइट्स ऑर्गेनाइजेशन ने सोमवार को एसडीएम के मार्फत मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपते हुए प्राइवेट स्कूलों द्वारा की जा रही मनमानी और अभिभावकों के अधिकारों के हनन का मुद्दा उठाया। संगठन के प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि प्रदेश भर के निजी विद्यालय अभिभावकों पर किताबें, ड्रेस, बैग आदि एक ही दुकान से खरीदने का दबाव बना रहे हैं, जिससे परिजनों को आर्थिक बोझ झेलना पड़ रहा है।

ज्ञापन में कहा गया कि स्कूलों में बाजार में उपलब्ध न होने वाली विशेष पुस्तकें लगवाई जा रही हैं, जिन्हें केवल स्कूल द्वारा चयनित दुकानों से ही खरीदा जा सकता है। यह शिक्षा विभाग की गाइडलाइंस के खिलाफ है, जिसमें स्पष्ट रूप से निर्देश है कि केवल वही पुस्तकें लगाई जाएं जो बाजार में आसानी से उपलब्ध हों और एनसीईआरटी की पुस्तकें प्राथमिकता में हों।



सोनीपत। एसडीएम को ज्ञापन सौंपते ऑर्गेनाइजेशन के पदाधिकारी।

#### पुस्तक विक्रेताओं से मोटा कमीशन ले रहे

संगठन ने आरोप लगाया कि स्कूल प्रबंधन पुस्तक विक्रेताओं से मोटा कमीशन लेकर छात्रों और अभिभावकों को एक सीमित विकल्प तक सीमित कर रहा है, जो कि स्वतंत्रता के अधिकार का हनन है। क्राइम कंट्रोल एंड ह्यूमन राइट्स ऑर्गेनाइजेशन ने मुख्यमंत्री से मांग की कि इस पूरे मामले की गहन जांच कराई जाए और दोषी स्कूलों व संबंधित दुकानदारों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में आम जनता का सरकार और प्रशासन पर विश्वास बना रहे।

## फंदे से लटका मिला युवती का शव

**सोनीपत।** सैक्टर-27 शहर थाना सोनीपत पुलिस ने सेक्टर-14 में नेपाल की युवती मकान मालिक के घर के अंदर बाथरूम में संदिग्ध हालत में फंदे पर लटकी मिली पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकाला। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही हे। मूलरूप से नेपाल की रहने वाली लक्ष्मी (21) सोनीपत के सेक्टर-14 में रहती थी। रविवार को लक्ष्मी का शव का मकान मालिक के बाथरूम के अंदर फंदे पर लटका मिला है। मकान मालिकों ने मामले से पुलिस को अवगत कराया। जिसके बाद पुलिस ने दरवाजा तोड़कर उसे बाहर निकाला। पुलिस ने शव को नागरिक अस्पताल में भिजवा दिया है। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं लग सका है। युवती के कानों में इयरफोन लगे मिले है। अंदेशा है कि वह किसी से बात करते हुए फंदे पर लटकी है। थाना प्रभारी सवित कुमार ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है।

### समाधान शिविर में ग्रामीणों ने दी शिकायत

# थाना कलां गांव की पानी सप्लाई चौपट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

थाना कलां गांव में पेयजल की सप्लाई पाई माइनर के पास लगे ट्यूबवेल से की जाती है। लेकिन पिछले कई दिनों से ट्यूबवेल पंखे की मोटर खराब होने के कारण गांव की सप्लाई प्रभावित हो गई है। जिसे ठीक होने में काफी समय लगता है। इसीलिए ग्रामीणों ने अपने खर्च पर एक मोटर भी मुहैया करवाई हुई है। लेकिन जन स्वास्थ्य विभाग ने उनकी मोटर को भी अपनी मोटर की तरह प्रयोग करना शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने अपनी मोटर केवल अपने ट्यूबवेल के लिए दी थी, ताकि मोटर खराब हो तो ठीक कराने का जो समय लगता है उस समय ग्रामीणों की मोटर से काम चला लिया जाए। लेकिन जन स्वास्थ्य विभाग ने ऐसा नहीं किया। जो मोटर खराब हुई उसे ठीक कराने तो भेज दिया लेकिन वापस नहीं लाए हैं। अब ग्रामीणों की मोटर भी खराब हो गई है। जिसके कारण पेयजल आपूर्ति बाधित हो रही है। ग्रामीण जगबीर, दीपक कुमार, बिजेंद्र, मुकेश, पवन, राकेश, नीरज, संदीप सहित कई ग्रामीणों ने समाधान शिविर में शिकायत दी। जहां उन्हें जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा समाधान का आश्वासन मिला है ।

#### 4 जगह से पेयजल आपूर्ति, फिर भी लचर व्यवस्था



गांव में पेयजल सप्लाई के लिए 3 ट्यूबवेल लगे हुए हैं। जिनमें से एक तुर्कपुर क्षेत्र में लगा हुआ है जहां से एससी बीसी व अन्य वर्ग के लिए सप्लाई होती है। एक ट्यूबवेल जटौला मार्ग की तरफ है जहां से कुछ क्षेत्र में पानी सप्लाई होता है। सबसे अधिक लोड खरखौदा पाई माइनर पर लगे हुए कनेक्शन पर है। अब पिछले करीब 4 दिनों से थाना कलां गांव के अधिकतर क्षेत्र की पेजयल आपूर्ति बाधित है। ग्रामीणों की मांग है कि इस दिशा में व्यापक कदम उठाए जाएं।

#### 7 वर्ष से व्यवस्था बदहाल

थाना कलां गांव की पेयजल आपूर्ति के लिए जल घर बना हुआ है, ऊंची टंकी भी बनी हुई है। लेकिन टंकी में पानी पहुंचाने में विभाग विफल साबित हो रहा है। जहां दो पंप सेट थे। एक खराब हो गया तो उसे बदला नहीं गया। एक पर आश्रित छोड़ दिया गया। पानी को फिल्टर करने का सिस्टम फेल हो कर रह गया है। जबकि जन स्वास्थ्य विभाग के 3 कर्मी यहां काम करते हैं। लेकिन पेयजल आपूर्ति बाधित है। जन स्वास्थ्य कर्मी ड्यूटी से जब तब नदारद रहते हैं।





वीकेंड के दो दिन सैटरडे, संडे लोगों को ऑफिस जाने की चिंता नहीं होती है, वे इत्मीनान में रहते हैं, आराम करते हैं, दो दिन एंज्वॉय करते हैं। लेकिन मंडे आते ही उन्हें एक तरह का भय सताता है, इसे 'मंडे ब्लूज' कहते हैं। हालांकि यह क्लिनिकल डिसऑर्डर नहीं है, लेकिन यह क्या? इसके क्या प्रभाव हमारे ऊपर होते हैं? इससे बचाव के क्या उपाय हैं, हर वर्किंग मेल-फीमेल को इस बारे में जरूर जानना चाहिए।

# क्यों होता है मंडे ब्लूज कैसे बचें

कवर स्टोरी

**सरस्वती रमेश**

वर्किंग लोगों के लिए वीकेंड एक सुकून लेकर आता है। वो आराम से सोकर हफ्ते भर की थकान उतारते हैं। घर की साफ-सफाई करते हैं। दोस्तों, रिश्तेदारों से मिलते हैं। शॉपिंग करते हैं और छुट्टियों के आनंद से सराबोर होकर सोमवार को फिर से काम पर लौट जाते हैं। लेकिन मंडे सबके लिए एक जैसा नहीं होता। मंडे आने के विचार से अनेक महिलाएं और पुरुष एक भय से भर उठते हैं। ऐसा भय जिसे वो महसूस तो करते हैं, लेकिन इसके बारे में कम ही चर्चा करते हैं। जबकि यह भय अनेक लोगों के लिए वास्तविक है। इसलिए इस पर जब-तब रिसर्च होते रहते हैं। इस भय को 'मंडे ब्लूज' के नाम से जाना जाता है।

**क्या है मंडे ब्लूज:** मंडे यानी सोमवार आने या वीकेंड खत्म होने के विचार से उपजी चिंता, उदासी या तनाव की प्रबल भावनाओं को मंडे ब्लूज कहते हैं। मंडे यानी सोमवार की सुबह काम पर लौटने के लिए मन में कोई उमंग न होना, सुस्ती और आलस महसूस करना, मन में जोश की कमी होना, सब मंडे ब्लूज के लक्षण हैं। हालांकि सोमवार को होने वाली निराशा कोई क्लिनिकल डिसऑर्डर नहीं है। यह एक तरह से लगातार काम करने से होने वाली मानसिक, शारीरिक थकान और असंतोष का नतीजा हो सकती है। मंडे ब्लूज से पीड़ित महिलाएं-पुरुष सोमवार की सुबह चिड़चिड़ापन, मूड स्विंग, तेज हार्टबीट जैसी समस्याओं से जूझते हैं।

**क्यों होता है:** छुट्टी के बाद काम पर लौटने के विचार से घबराहट तभी होती है, जब नौकरी से असंतुष्टि हो या काम से संबंधित तनाव हो। जब काम रुचि का न हो या बहुत ज्यादा तनावपूर्ण हो तो हार्ट-बीट तेज हो जाती है, सिरदर्द और मांसपेशियों में खिंचाव महसूस हो सकता है। काम के प्रति नकारात्मक सोच उत्पन्न होती है। इस तरह व्यक्ति अनचाहे ही मंडे ब्लूज का शिकार हो जाता है। कई बार वर्क लोड होने और नींद पूरी न हो पाने की स्थिति में भी सोमवार, घबराहट का सबब बनकर आता है। यह भी हो सकता है कि आप अपनी निजी समस्याओं से ग्रस्त होकर काम से घबराती हों।



**मंडे ब्लूज के प्रभाव:** जानकार मानते हैं कि मंडे ब्लूज व्यक्ति की कार्यशैली और प्रोडक्टिविटी को प्रभावित करता है। ऐसे व्यक्ति मंडे आते ही अपने बॉस या एचआर को तरह-तरह के बहाने बताने लगते हैं। जैसे- घर में कुछ जरूरी काम है, ऑफिस आना मुश्किल है। या कोई करीबी रिश्तेदार एक्सपायर हो गया है, अंतिम संस्कार में जाना है। या आज तबियत ठीक नहीं है, आदि-आदि। हमारे इस व्यवहार से न सिर्फ हमारी इमेज खराब होती है बल्कि काम भी प्रभावित होता है।

**क्या कहती है रिसर्च:** अमेरिका की पैसिफिक फूड्स और टाकर रिसर्च के एक सर्वे से पता चला है कि साल में औसतन 36 बार लोगों को सोमवार का डर सताता है। सर्वे में दो हजार लोगों को शामिल किया गया। इसमें 32 प्रतिशत ने कहा कि रविवार दोपहर बाद उन्हें सोमवार को काम पर लौटने की चिंता सताने लगती है। 25 प्रतिशत ने कहा कि सोमवार के बारे में सोच-सोच कर उनका रविवार भी खराब हो जाता है। कुछ लोगों का कहना था कि छुट्टी में काम की अधिकता से उपजा थकान और अपर्याप्त नींद के कारण सोमवार उन्हें पसंद नहीं आता। यहां तक कि कई बार स्कूली बच्चे भी अपने पैरेंट्स से कहते पाए जाते हैं कि यह मंडे क्यों आता है? छुट्टियां कितनी मजेदार होती हैं।

**बचाव के उपाय:** मंडे ब्लूज भले ही क्लिनिकल डिसऑर्डर न हो, लेकिन वास्तविक तो है ही। इसलिए जानकार इससे बचने के उपाय भी बताते हैं।

**समस्या को लिखकर:** दरअसल, लिखना एक थेरेपी है। हमारी कुछ चिंताएं ऐसी होती हैं, जिन्हें किसी से कहना ठीक नहीं होता या किसी से कहकर कुछ हासिल नहीं किया जा सकता। लेकिन उन्हें लिखकर किसी से दुख कहने जितना ही रिलीफ मिल सकता है। इसलिए आने वाले सप्ताह को लेकर आपको किस तरह की चिंता सता रही है, उसके बारे में लिखिए। कुछ जरूरी काम जो करने हैं, उनके बारे में भी लिखें। लिखने से आपकी चिंताओं को लेकर आपका नजरिया बदलेगा। हो सकता है, लिखते हुए आपको कुछ समाधान भी सूझ जाए। समाधान न भी सूझे तो लिखने से हमें मानसिक शांति जरूर महसूस होगी। यह एक तरह से किसी को अपनी परेशानी बता देने जैसा असरदार होता है।

**व्यायाम:** सोमवार की सुबह वर्कआउट करना खराब मूड से बचने का एक प्रभावी तरीका है। कई शोधों से पता चलता है कि व्यायाम चिंता, अवसाद और कई अन्य मानसिक बीमारियों को कम करने में मददगार है। व्यायाम खुद को उन विचारों से ध्यान हटाने का एक बेहतरीन तरीका भी है, जो आपको परेशान कर रहे हैं। वर्कआउट करने से सिर्फ तन ही नहीं, मन भी हल्का महसूस करता है। इस तरह आप तारोताजा होकर अपने काम के लिए नए सिरे से तैयार नजर आएंगी।

**मेडिटेशन:** चिंता, उदासी और तनाव की स्थिति में ध्यान खुद को मानसिक शांति देने का एक शानदार तरीका है। आप अपने मूड को बेहतर बनाने और अच्छी नींद लाने के लिए संडे की रात को कुछ मिनट मेडिटेशन करें। मुमकिन हो तो इसे हर रात बिस्तर पर जाने से पहले करें। भरपूर नींद



लेने से दिमाग, फिजूल बातों की पुनरावृत्ति करने से मुक्त होता है। नए और उपयोगी विचारों का जन्म होता है और ऑफिस का काम बोझ नहीं लगता। इस तरह सोमवार नई सुबह की तरह हमारी दिनचर्या में प्रवेश करता है, चुनौती या दुःस्वप्न बनकर नहीं।

**थोड़ी बहुत मस्ती:** सब कुछ छुट्टियों में करने की बजाय कुछ मस्ती वर्किंग डेज में भी की जा सकती है। जैसे लंच ब्रेक के दौरान अपने कुलीग के साथ कुछ मिनट की सैर करना। कभी-कभी हल्का-फुल्का कोई गेम, अंताक्षरी खेलना भी तनाव को कम करता है। शाम को किसी खुली और प्राकृतिक सौंदर्य से भरी जगह में थोड़ा वक्त बिताना। इन छोटी-छोटी बातों से हमारा मन सहज होकर चुनौतियों को स्वीकार करने के लिए तैयारी करता है।

**लोगों से मिलना-जुलना:** लोगों से मिलने-जुलने से मन में प्रसन्नता के केमिकल रिलीज होते हैं। कई शोधों से पता चला है कि समूह में रहने वाले या संयुक्त परिवारों में रहने वालों को मानसिक तनाव और अवसाद की समस्या कम



होती है, जबकि लोगों से कम मिलने वाले और अकेले रहने वाले लोगों में तनाव होने की संभावना अधिक होती है। इसलिए समय-समय पर अपने अजीज दोस्तों से मिलती रहें। काम से जुड़ा कोई प्रेशर हो तो उसे किसी विश्वसनीय मित्र के साथ साझा करें। हो सकता है, उससे कोई मूल्यवान सलाह मिल जाए, जो आपके भीतर के सारे डर को छूमंतर कर दे।

---

आज की व्यस्त जीवनशैली में परिवार और परिजनों के साथ रिश्तों का निर्वाह आसान नहीं है, इसका यह मतलब नहीं कि रिश्तों को यों ही छोड़ दिया जाए। हमें यह नहीं भूलना चाहिए, निकटवर्ती रिश्ते हमारी जिंदगी को आसान बनाते हैं, एक खुशी देते हैं।

# रिश्ते तब रहेंगे हमेशा मधुर-आत्मीय

रिलेशनशिप

**डॉ. यशोधरा भटनागर**



बहुत कुछ पाने की लालसा लिए, दौड़ती-भागती जिंदगी में बहुत कुछ हमारे हाथों से छूटता जा रहा है। छूट रहे हैं रिश्ते, रिश्तों में बंधा प्यार। हाथ में हासिल है सिर्फ अकेलापन और इससे उपजा दर्द-संत्रास। इस दर्द और अकेलेपन से घिरकर आज हम डिप्रेशन का शिकार हो रहे हैं। उलझते-टूटते रिश्तों को संभालने और जोड़ने की बहुत जरूरत है। यह अलग बात है कि आज हम इन रिश्तों को जोड़ने की कोशिश न करते हुए, इन्हें परख रहे हैं, यह करते हुए रिश्तों को तार-तार कर रहे हैं। हम अकसर कहते हैं- 'जिंदगी का असली मजा तो सबके साथ है।' जी हां, ये रिश्ते ही जीवन का आधार होते हैं, जो हमें प्रेम, अपनापन और सुरक्षा का एहसास कराते हैं। परिवार में सौहार्द, प्रेम और सामंजस्य बनाए रखने के लिए रिश्तों को समझना जरूरी है, इस तरह समझने से आपसी जुड़ाव और आत्मीयता बढ़ती है, जबकि परखने से संदेह उत्पन्न होता है। रिश्तों को मधुर और मजबूत बनाने के लिए केवल समझ ही नहीं, बल्कि विश्वास, सम्मान, सहनशीलता और संवाद जैसे कई महत्वपूर्ण घटक जरूरी हैं। यह घटक कौन से हैं, हमें जानना चाहिए-



**आपसी समझ और संवेदनशीलता:** जब हम अपनों को समझने का प्रयास करते हैं तो मतभेद खत्म होते हैं, आपसी संबंध मधुर बने रहते हैं। संवेदनशीलता का गुण हमें दूसरों की तकलीफों और जरूरतों को महसूस करने में मदद करता है, जिससे रिश्ते आत्मीय बनते हैं।

**विश्वास की मजबूत डोर:** रिश्तों की नींव विश्वास पर टिकी होती है। यदि परिवार के सदस्य एक-दूसरे पर पूरा भरोसा रखते हैं, तो कोई भी कठिन परिस्थिति उनके रिश्तों को हिला नहीं सकती। संदेह और अविश्वास से दूरी बढ़ती है, जबकि विश्वास से प्रेम और अपनापन बढ़ता है।

**सम्मान और स्वीकृति:** रिश्ते तभी फलते-फूलते हैं, जब उनमें परस्पर सम्मान हो। यदि हम अपने परिवार के सदस्यों की भावनाओं और निर्णयों का सम्मान करें तो रिश्ते अधिक मजबूत बन सकते हैं।

**रिश्तों की संजीवनी है संवाद:** कई रिश्ते सिर्फ इसलिए कमजोर हो जाते हैं, क्योंकि लोग अपनी भावनाओं को खुलकर व्यक्त नहीं करते। संवाद की कमी से गलतफहमियां जन्म लेती हैं, दूरियां बढ़ने लगती हैं। इसलिए यदि किसी रिश्ते को मजबूत बनाना है, तो प्रेमपूर्वक और सकारात्मक रूप से बातचीत करें।

**धैर्य और सहनशीलता:** कभी-कभी परिस्थितियां अनुकूल नहीं होतीं, हमें अपनों की कुछ बातों या आदतों से असहमति भी हो सकती है। ऐसे में धैर्य और सहनशीलता का परिचय देना जरूरी है। शांत रहकर स्थिति को समझना रिश्तों को बचाए रखने का प्रभावी तरीका है।

**क्षमा और समझौता:** कोई भी इंसान पूर्ण नहीं होता, हर रिश्ते में कभी न कभी गलतियां होती हैं। यदि हम क्षमा करने और समझौता करने की भावना रखते हैं, तो रिश्ते लंबे समय तक टिकते हैं। पुरानी बातों को भूलकर जिंदगी में आगे बढ़ना चाहिए।

---


# वर्किंग वूमेन इस सीजन में ऐसे करें परफेक्ट मेकअप

मेकअप

**ललिता गोयल**

गर्मी के मौसम में वर्किंग वूमेन के लिए अपना मेकअप लुक दिन भर अपीलिंग बनाए रखना थोड़ा टफ होता है। इस मौसम में अधिक पसीना आने के कारण मेकअप के न टिकने और पैची दिखने की संभावना रहती है। इन प्रॉब्लम्स से बचने के लिए आप यहां बताए जा रहे मेकअप स्टेप्स को फॉलो करें।

**स्किन प्रिपरेशन:** मेकअप लंबे समय तक टिका रहे, इसके लिए जरूरी है कि मेकअप से पहले स्किन बेस सही तरीके से रेडी किया जाए। सही बेस बनाने के लिए सबसे पहले किसी माइल्ड क्लींजर से स्किन को साफ करें और सुटेबल एसपीएफ युक्त लाइट मॉयश्चराइजर लगाएं। अगर ह्यूमिडिटी ज्यादा है तो प्राइमर का इस्तेमाल करें। यह मेकअप को फैलने से रोकता है। फेस का टी-जोन एरिया ऐसा होता है, जहां से मेकअप फैलने का डर रहता है, इसलिए लाइट मेकअप को ध्यान में रखते हुए इसे सिर्फ टी-जोन या फिर ऑयली एरिया पर ही लगाएं।



**हैवी फाउंडेशन से बचें:** गर्मी के मौसम में मेकअप करने के लिए फाउंडेशन या फिर पावडर का इस्तेमाल न करें। इसकी जगह टिंटेड मॉयश्चराइजर, बीबी क्रीम या वाटर बेस्ड फाउंडेशन से स्किन को कवर करें। मेकअप को सिंपल और लाइट रखें। वाटर प्रूफ प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करें।

**सेटिंग पावडर:** मेकअप करने के दौरान सेटिंग पावडर का इस्तेमाल करें और अपने टी-जोन और पसीने वाली जगह पर अप्लाई करें। इससे मेकअप सेट रहेगा।

**कंसीलर लगाएं:** चेहरे के दाग-धब्बे या फिर डार्क सर्कल को छुपाने के लिए कंसीलर का इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन गर्मियों में इसके अलावा उन जगहों पर भी लगाएं, जहां इसकी जरूरत है।

**ज्यादा लेयर से बचें:** चेहरे पर मेकअप की ज्यादा लेयर ना लगाएं। एक साथ कई सारे प्रोडक्ट्स यूज करने से स्किन पोर्स ब्लॉक हो सकते हैं और एक्ने की समस्या होने की संभावना अधिक रहती है।

**फेस मिस्ट करें:** फेस मिस्ट एक तरह का स्प्रे होता है, जिसे मेकअप करने के बाद अप्लाई किया जाता है। यह त्वचा के डिहाइड्रेशन को रोकता है और इसके इस्तेमाल से स्किन को एक फ्रेश लुक मिलता है। स्किन टाइप के अनुसार, फेस मिस्ट का उपयोग किया जा सकता है।

**ब्लॉटिंग पेपर:** हमेशा अपने साथ ब्लॉटिंग पेपर रखें। ब्लॉटिंग पेपर मेकअप को खराब किए बिना अतिरिक्त तेल और पसीने को धीरे से सोख लेता है और स्किन दिनभर फ्रेश दिखती है।

**(ब्यूटी एक्सपर्ट रेनू माहेश्वरी से बातचीत पर आधारित)**

---

नवजात शिशु का पहला आहार उसकी मां का दूध होता है। उसी से बच्चे को जरूरी पोषक तत्व मिलते हैं। इसलिए ब्रेस्ट फीडर मां को अपनी डाइट का पूरा ध्यान रखना चाहिए। इस बारे में यूजफुल सजेशंस।

# ब्रेस्ट फीडर मां की ऐसी हो डाइट

डाइट सजेशन

**नीलम अरोड़ा**

बच्चे को जन्म देने के बाद मां के लिए यह जरूरी है कि जितने समय तक संभव हो सके, वह उसको अपना ही दूध पिलाए। इससे उसे भरपूर पोषण मिलता है। लेकिन यहां यह समझना जरूरी है कि बच्चा चूंकि मां से ही अपना आहार ग्रहण करता है, इसलिए मां की खुराक ऐसी होनी चाहिए, जो दोनों की पोषण संबंधी जरूरतों को पूरा कर सके।

**प्रोटीन रिच डाइट:** डिलीवरी के बाद मां को प्रतिदिन छह महीने तक 80 ग्राम प्रोटीन की जरूरत होती हैं। 6 से 12 महीने तक उसे रोज 70 ग्राम प्रोटीन की जरूरत होती है। बच्चे को प्रोटीन इसी दूध से मिलता है। यही प्रोटीन बच्चे की मांसपेशियों के विकास और उसके वजन को बढ़ाने के लिए जरूरी है। मां के शरीर में भी यदि हार्मोंस, एंजाइम और एंटीबॉडी का सही प्रोडक्शन होगा, तो बच्चे को भी इसका पूरा लाभ मिलेगा।

**आयरन:** अगर मां की डाइट में आयरन की कमी हो तो उसे एनीमिया हो सकता है। इससे बचने के लिए मां को अपनी खुराक में दालें, फलियां, हरी पत्तेदार सब्जियां और अंडा लेना चाहिए ताकि बच्चे को भी आयरन की आपूर्ति हो सके और उसकी मांसपेशियां मजबूत बन सकें।



**कैल्शियम-विटामिन-डी:** गर्भावस्था में भी बच्चे के शरीर में कैल्शियम की आपूर्ति के लिए मां को कैल्शियम युक्त डाइट लेने के साथ-साथ कैल्शियम की टैबलेट्स लेने की सलाह दी जाती है। मां को अपने भोजन में दही, पनीर, चीज, हरी पत्तेदार सब्जियां, ज्वार, बाजरा, रागी, अंडे, मछली लेने चाहिए। विटामिन-डी की आपूर्ति के लिए इन स्रोतों के साथ-साथ मां और बच्चे को थोड़ी देर धूप में जरूर रहना चाहिए।

**फैटी फूड्स:** डिलीवरी के बाद मां के दूध की गुणवत्ता सुधारने और ज्यादा मात्रा में दूध बनने के लिए कई तरह के वसायुक्त खाद्य पदार्थ जैसे-बादाम का हलवा, अलसी और गोंद के लड्डू, मेथी के लड्डू और ड्राई फ्रूट्स युक्त पंजीरी, खाने के लिए देने चाहिए। इनको बनाने में इस्तेमाल होने वाली अजवाइन, सौंफ, सोंठ और दूसरे मसाले पाचन के लिए अच्छे माने जाते हैं। लेकिन चूंकि इनमें फैट और कैलोरीज ज्यादा होती हैं, इसलिए इनको सीमित मात्रा में लेना चाहिए क्योंकि इससे मोटापा बढ़ सकता है।



**दिन में तीन बार खाएं:** अगर मां पूरे दिन में पोषक आहार नहीं लेती है तो वह भला अपने बच्चे को फीड कैसे करा सकती है? इसलिए बच्चे के साथ मां की सेहत भी दुरुस्त रहे, इसके लिए दिन में कम से कम तीन बार उसे संतुलित आहार लेना चाहिए, जिसमें सुबह के नाश्ते को कभी छोड़ना नहीं चाहिए। ब्रेस्ट फीड कराने के दौरान बार-बार भूख लगती हैं, क्योंकि इसमें काफी कैलोरीज खर्च होती हैं। तीन बार खाना खाने के अलावा बीच-बीच में फल, बादाम, फ्रूट्स सलाद, दही, दूध इत्यदि भी मां को लेते रहना चाहिए।

**एल्कोहल-धूम्रपान से बचें:** गर्भावस्था में ही नहीं डिलीवरी के बाद भी मां के द्वारा एल्कोहल और धूम्रपान सेवन का बुरा असर, बच्चे पर होता है। एल्कोहल दूध के द्वारा बच्चे तक पहुंचता है। धूम्रपान और तंबाकू का भी बुरा असर बच्चे पर दिखने लगता है। इसलिए ब्रेस्ट फीड कराने वाली मांओं को इनसे बचना चाहिए।

**डायटिंग न करें:** डिलीवरी के तुरंत बाद बच्चा चूंकि अपनी पूरी खुराक के लिए मां पर ही निर्भर होता है, ऐसे में मां अगर डायटिंग करती है और कार्बोहाइड्रेट युक्त भोजन से दूर रहती है, तो बच्चे के आहार में पोषक तत्वों की कमी होने लगती है। डायटिंग करने की बजाय मां को डॉक्टर की सलाह पर रोजाना व्यायाम जरूर करना चाहिए, ताकि मोटापा न बढ़े।

---

जरूरी नहीं हर छोटे-बड़े कार्यक्रम के लिए मोटा पेमेंट देकर एंकर को बुलाएं। आप में से किसी को भी कभी अपनी कॉलोनी, सोसाइटी, ऑफिस या किसी फैमिली फंक्शन में छोटे-मोटे कार्यक्रम के लिए एंकरिंग करनी पड़ सकती है। आप जब एंकरिंग कुशलता से करेंगी तो वाह-वाही पाएंगी। इस कला में माहिर कैसे हों, जानिए।

# अच्छी एंकरिंग भी है एक कला

एडवाइस

**अभिव्यक्ति त्रिवेदी**



कार्यक्रम छोटा हो या बड़ा, बिना अच्छे संचालन के सफल नहीं हो सकता। कार्यक्रम बिखरा-बिखरा और अव्यवस्थित लगेगा। इस लिहाज से संचालनकर्ता या एंकर की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है। जिन कार्यक्रमों का संचालन अच्छा होता है, दर्शक भी शुरू से अंत तक जुड़े रहते हैं। ये कार्यक्रम पूर्णतः सफल होते हैं। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि कार्यक्रम की सफलता की महत्वपूर्ण कड़ी है एंकरिंग यानी संचालन। अच्छी एंकरिंग के लिए कौन से गुण होने चाहिए, आप भी जानें। क्या पता कब आपको किसी कार्यक्रम के लिए एंकरिग करनी पड़ जाए।

**पहले से हो तैयारी:** एंकरिंग करने वाले को कार्यक्रम की पूरी जानकारी पहले से होनी चाहिए। कार्यक्रम का स्वरूप क्या है, कौन-कौन से अतिथि आएंगे, कौन अध्यक्षता करेगा, कौन स्वागत भाषण देगा और कौन आभार प्रदर्शन करेगा, कौन किसका स्वागत करेगा? इस तरह पूरी सूची उसके पास होनी चाहिए। साथ ही, कब कौन-सी प्रस्तुति है, कब किसे बोलने के लिए आमंत्रित करना है? कुल मिलाकर पूरा खाका एंकर के दिमाग में क्लियर रहना चाहिए, तभी वह अपनी भूमिका अच्छी तरह निभा पाएगा, अन्यथा पूरा प्रोग्राम अव्यवस्थित हो जाएगा।



**आवाज हो बुलंद:** एंकरिंग करने वाले की आवाज जोरदार होनी चाहिए, जिससे उसे कभी बिना माइक के भी लोगों को संबोधित करना पड़े तो वह आसानी से कर सके। दूसरा, उसके बोलने के ढंग में सही उतार-चढ़ाव होना बेहद जरूरी है, ताकि उसके द्वारा कही गई बातें श्रोताओं तक पहुंच सकें।

**सही और स्पष्ट उच्चारण:** एंकर का बोला हुआ एक-एक शब्द सही और स्पष्ट होना चाहिए। ऐसा न हो कि वह शब्दों का गलत उच्चारण करे, वरना श्रोताओं को सुनने में अच्छा नहीं लगेगा।

**कविता और शायरियों का प्रयोग:** एंकरिंग का कार्य दर्शकों को कार्यक्रम के शुरू से आखिर तक बांधे रखना होता है ताकि वे बोर न हों और कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाएं। इसलिए एक कुशल एंकर को सही समय पर सटीक काव्य पंक्तियों या शायरियों का उपयोग करते रहना चाहिए। इससे कार्यक्रम में श्रोताओं और दर्शकों की रुचि बनी रहती है। कार्यक्रम में चार चांद लग जाते हैं।

**प्वाइंट्स नोट करने की आदत:** जब-जब कोई वक्ता अपने विचार रखता है या कोई प्रस्तुति होती है, एंकर को उसके मुख्य प्वाइंट्स नोट करते जाना चाहिए और जैसे ही वक्ता का बोलना खत्म हो, उन्हीं की बात को जोड़कर आगे की बात जारी रखनी चाहिए।

**त्वरित बुद्धि का इस्तेमाल:** एंकरिंग करने वाले में यह खूबी भी होनी चाहिए कि अगर कहीं कोई बात बिगड़ रही हो तो वह अपनी त्वरित बुद्धि से उसे संभाल ले। कब कितना बोलना है, इस बात का ध्यान भी रखे ताकि आयोजन और व्यक्ति की गरिमा बनी रहे।

**लोगों को बांधे रखने की कला:** एक कुशल एंकर में यह कला होनी चाहिए कि वह अपनी बातों से लोगों का ध्यान अपनी ओर न केवल खींचे बल्कि उन्हें अपनी बातों के जादू में बांधे रखे। यह एक अच्छे एंकर का बहुत बड़ा गुण है।

इस तरह एक सफल और सुंदर कार्यक्रम के संपन्न होने के पीछे एक अच्छे एंकर की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है, उसे अपनी इस भूमिका को बहुत खूबसूरत अंदाज में निभाना चाहिए, दर्शकों के दिलों में एक जगह बनानी चाहिए।

## खबर संक्षेप

### 22-24 को आयोजित किए जाएंगे जागरूकता कैंप

**सोनीपत।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण (डीएलएसए) के सचिव प्रचेता सिंह ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 22 को पृथ्वी दिवस और 24 अप्रैल को पंचायत दिवस के अवसर पर आमजन को जागरूक करने के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। डीएलएसए, जिला शिक्षा विभाग के सहयोग से धरती माता को बचाने के उपायों पर जागरूकता फैलाने के लिए 22 को चित्रकला, नारा लेखन, निबंध लेखन, एवं अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन करेगा।

### संकीर्तनः भगवान श्री राम के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**गोहाना।** कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती गोहाना इकाई द्वारा भीमेश्वरी देवी मंदिर समिति के सहयोग से राम नवमी तथा देवी अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी जयंती पर रविवार सायं संकीर्तन करवाया गया। कार्यक्रम शहर के देवीनगर स्थित माता भीमेश्वरी देवी मंदिर के परिसर में आयोजित हुआ।मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मुकेश रोहिल्ला थे।

### सट्टेबाजी करते युवक गिरफ्तार

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट ने सरेआम सट्टेबाजी करते एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित धर्मबीर निवासी दिल्ली कैंप का है। आरोपित के पास से पुलिस ने सट्टे में लगाई गई राशि भी बरामद की है। थाना सेक्टर-27 पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रहे है।सेक्टर-27 की क्राइम यूनिट को सूचना मिली थी कि दिल्ली कैंप का रहने वाला धर्मबीर हुड्डा पार्क के पास सट्टा खाइवाली कर रहा है।

### धाम में शुरू की गई प्रसाद की व्यवस्था

**सोनीपत।** लहराड़ा स्थित दादा मोहनदास धाम में मंगलवार को भक्तों के लिये प्रसाद की व्यवस्था शुरू की जाएगी। इस बारे में धाम के महंत योगी विजय नाथ महाराज ने बताया कि सुबह के समय चाय, नाश्ता, दिन के समय पौष्टिक आहार और संपूर्ण भोजना की व्यवस्था शुरू की जा रही है। इस अवसर पर देवीनाथ, बाबा ओमनाथ, बाबा शंभुनाथ, बाबा भगवानदास, सुनील बैरागी, रीतू, पूनम हुड्डा, बबीता आदि मौजूद रहे।

### अवैध हथियार सहित आरोपित गिरफ्तार

**गोहाना।** जिले की क्राइम यूनिट गोहाना की पुलिस टीम ने आरोपित को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार कर लिया। आरोपित जिला जींद के गांव लजवाना कलां निवासी योगेश पुत्र सतपाल है। अप्रैल को क्राइम यूनिट गोहाना की अनुंसधान टीम में नियुक्त सहायक उप निरीक्षक अनित कुमार अपनी पुलिस टीम के साथ गश्त के दौरान गोहाना की किसान कालोनी के सामने मौजूद थे। तभी उनको सूचना मिली कि योगेश के पास अवैध हथियार है। वह मोर चौक की तरफ से इसी रास्ते पैदल आएगा।

### दुकान का ताला तोड़कर हजारों की नकदी चुराई

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र में दुकान का ताला तोड़कर हजारों रुपये की राशि के चोरी होने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। गांव सेरसा निवासी विकास शर्मा ने बताया कि उसने गांव में परचून की दुकान खोल रखी है। वह सुबह छह बजे अपनी दुकान पर पहुंचा।

### ट्रक व स्कूटी चोरी का मुकदमा दर्ज

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों से दो-पहिया वाहन व ट्रक के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ितों ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध मुकदमें दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। प्याऊ मनियारी कुंडली निवासी मुन्ना ने बताया कि वह सूरज कॉलोनी पेपर मिल के पास गए थे।

## अतिरिक्त उपायुक्त के कार्यालय पर किया प्रदर्शन

# मकान की किस्त के लिए पात्र परिवारों ने किया रोष प्रदर्शन

### आरोपः कर्मचारी सर्वेक्षण के कार्य को गंभीरता से नहीं ले रहे

पंचायत सचिवों को गांव जाकर हर पात्र परिवार की समस्या का समाधान करना चाहिए ताकि लोगों को बार-बार कार्यालय न आना पड़े



सोनीपत। एडीसी कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण साथ में जिला पार्षद। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

प्रधानमंत्री आवास योजना की किस्त पात्र परिवारों के खाते में न आने से नाराज ग्रामीणों ने सोमवार को जिला पार्षद संजय बड़वासनिया के नेतृत्व में एडीसी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। जिला पार्षद ने अधिकारियों को चेताया कि पात्र परिवारों को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और वे कई दिनों से कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं।

संजय बड़वासनिया ने बताया कि कई परिवारों के दस्तावेजों में कमियां हैं, जिन्हें समय रहते पंचायत सचिव द्वारा दूर किया जाना चाहिए। उन्होंने पंचायत अधिकारियों को फोन कर पंचायत सचिवों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए ताकि गांव स्तर पर लोगों की समस्याएं सुलझाई जा सकें।

उन्होंने कहा कि पंचायत सचिवों को गांव जाकर हर पात्र परिवार की समस्या का समाधान करना चाहिए ताकि लोगों को बार-बार कार्यालय न आना पड़े। उन्होंने आरोप लगाया कि कई कर्मचारी सर्वेक्षण के कार्य को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं, जिससे कई गरीब परिवार योजना से वंचित रह गए हैं। जिला पार्षद ने सरकार से मांग की कि जिन कर्मचारियों की लापरवाही से गरीबों को योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि यह योजना उन गरीब परिवारों के लिए है जिनके मकान जर्जर अवस्था में हैं। अगर सही ढंग से कार्य किया जाए तो हर जरूरतमंद को इसका लाभ मिल सकता है।

### पात्र लोगों को प्लॉट दिए जाए

**खरखौदा।** सिलाना गांव से बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष सोमवार को खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय खरखौदा पहुंचे। उन्होंने बताया कि वर्ष 2009 में गांव के करीब 200 लोगों के नाम प्लॉट आवंटन सूची में शामिल हुए थे। जब उन्हें प्लॉट देने की कार्रवाई शुरू की गई तो विवाद हो गया था। जिसके बाद प्लॉट अलॉट नहीं हुए थे। ग्रामीणों ने मांग की है उस सूची के मुताबिक सभी पात्र लोगों को प्लॉट दिए जाएं। इस संदर्भ में खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी आस्था गर्ग ने संबंधित पटवारी, ग्राम सचिव, सरपंच व अन्य तत्कालीन कमेटी को नोटिस भेजकर रिकार्ड जांच के लिए बुलाया है, क्योंकि अभी जो रिकार्ड है उसमें कहीं पात्रों की सूची व प्लॉट आवंटन का आर्डर नहीं है। अगर सभी रिकार्ड मिल जाते है और पात्रों को प्लॉट देने के निर्देश होंगे तो पात्रता सूची के मुताबिक सभी पात्रों को प्लॉट देने की कवायद की जाएगी।

## जीवीएम की छात्राओं ने जीता सांत्वना पुरस्कार

- राज्य स्तरीय शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक महोत्सव की एकल नृत्य स्पर्धा में जीता द्वितीय पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



जीवीएम गर्ल्स कॉलेज में विजेता एवं प्रतिभागी छात्राओं के साथ प्राचार्या एवं अन्य।

राज्य स्तरीय इंटर कालेज शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक महोत्सव दिशायन-2025 में जीवीएम गर्ल्स कालेज की छात्रा ने एकल नृत्य स्पर्धा में द्वितीय पुरस्कार हासिल किया। साथ में छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में सांत्वना पुरस्कार भी जीते। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने विजेताओं को बधाई दी। जीवीएम के कला संकाय की डीन संगीता शर्मा ने बताया कि आर्य पीजी कालेज पानीपत के तत्वावधान में राज्य स्तरीय इंटर कालेज शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक महोत्सव दिशायन-2025 का आयोजन किया गया। जिसमें जीवीएम की छात्रा भारती ने एकल नृत्य स्पर्धा में द्वितीय स्थान हासिल किया। निकिता ने डेक्लामेशन में तथा कशिश ने पोस्टर मेकिंग में सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। इनके साथ ही ग्रुप डांस में जीवीएम की छात्राओं ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। ग्रुप डांस की प्रस्तुति देने वाली छात्राओं में भारती, खुशबू, दीपांकी, छवि, सलोनी, तक्षिका शामिल रही। कालेज लौटने पर प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने छात्राओं का अभिनंदन किया। मौके पर प्राध्यापिका संगीता शर्मा, अर्चना खुराना, रोहिणी मदान, अनीता सैनी और बबीता उपस्थित रही।




गोहाना। जागरूकता रैली निकालते समिति के सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### स्वास्थ्य का ख्याल रखें : जगमहेंद्र

**गोहाना।** विश्व स्वास्थ्य दिवस पर शिक्षण संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित हुए। गांव खंदराई में जागरूकता रैली निकाली गई। ग्रामीणों को रैली के दौरान संदेश दिया कि पहल सुख निरोगी काया है।ग्राम सुधार समिति खंदराई के कार्यकर्ताओं ने समिति अध्यक्ष जगमेंद्र सिंह के नेतृत्व में गांव खंदराई में रैली निकाली। समिति कार्यकर्ताओं ने सार्वजनिक स्थानों पर स्वस्थ जीवन जीने को प्रेरित करने वाले पोस्टर लगाए। अध्यक्ष ने कहा कि भागदौड़ भरी जिंदगी में स्वास्थ्य के प्रति ओर भी ज्यादा सचेत रहने की जरूरत है। हमें अपने खानपान पर ध्यान देना चाहिए और बीमारियों का समय पर उपचार कराना चाहिए। रैली में बिट्टू कश्यप, प्रताप सिंह, कमाला, सोनू अनिल मोर, ओमप्रकाश कन्हैया लाल, राज सिंह व टोनी मौजूद रहे।

### साप्ताहिक शिविर में 64 लोगों ने किया रक्तदान

**गोहाना।** रविवार को भाग राम ट्रस्ट के साप्ताहिक शिविर में एक महिला समेत 64 नागरिकों ने रक्तदान का पुण्य कमाया। हर सप्ताह की तरह रक्तदान शिविर शहर में सोनीपत टी प्वाइंट पर भगवान परशुराम चौक में आयोजित किया । शिविर के मुख्य अतिथि भाजपा खानपुर मंडल के अध्यक्ष जस्सी खुराना और विशिष्ट अतिथि 122 बार रक्तदान कर चुके रक्तदाता सुनील जिंदल थे। अध्यक्षता ट्रस्ट की अध्यक्ष उषा गगनेजा ने की। संयोजन स्टार रक्तदाता एवं प्रसिद्ध समाजसेवी सुरेंद्र विश्वास का रहा। शिविर में विशेष रक्तदाताओं में दिव्यांग जेबीटी शिक्षक, दिव्यांग संजय कुमार, हरियाणा पुलिस से कुलदीप, भूपेंद्र अहलावत, महिला रक्तदाता सानिया और डॉ. एसके वशिष्ठ शामिल रहे। नियमित रक्तदाताओं में राजीव कुमार, सोनू कालीरमण, अमित, विकास , संदीप, महेंद्र, रणबीर, अजय, सत्यदेव, केहर सिंह ने रक्तदान किया।

### विद्यार्थियों ने हवेली पर लिया प्रशिक्षण

**गन्नौर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेड़ी गुज्जर से टूरिज्म व हास्पिटैलिटी के विद्यार्थियों ने मन्नत हवेली में चार दिवसीय आन जाब ट्रेनिंग कार्यक्रम में भाग लिया। प्रशिक्षण दल को विद्यालय के प्राचार्य डा. ईश्वर सिंह ने रवाना किया। इस अवसर पर शिक्षिका ज्योति, शशिबाला, कुसुम व निकिता भी विद्यार्थियों के साथ मौजूद रहीं। मन्नत हवेली में सीईओ हर्ष चुघ ने सभी का स्वागत किया। प्रबंधक महेश पहल ने विद्यार्थियों को हास्पिटैलिटी क्षेत्र की विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी तथा इस क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी इस क्षेत्र में कार्य करते हुए पढ़ाई के साथ-साथ सामाजिक व आर्थिक उन्नति कर सकते हैं। प्रशिक्षण के अंत में सभी विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।



मन्नत हवेली के स्टाफ के साथ स्कूल के विद्यार्थी व स्कूल शिक्षक।



गोहाना। विजेता विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देते शिक्षकगण।

### पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में हर्षित प्रथम

गोहाना। रविवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जेएलएन विद्यालय गोहाना में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता करवाई गई। विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता के माध्यम से नागरिकों को स्वस्थ रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के लिए मार्गदर्शन विद्यालय की प्रबंधक कृष्णा शर्मा का रहा। अध्यक्षता एमडी सुनील शर्मा और प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने की। संयोजन उप प्राचार्य सूरत शर्मा का रहा। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में मेधावी हर्षित अव्वल रहे। वंशिका ने दूसरा और खुशी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। काव्या को सांत्वना पुरस्कार मिला। निर्णायक मंडल में प्रियंका और मंजीत शामिल रहे। प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य ही मनुष्य ही असली पूंजी है। इसके अभाव में सब बेकार है। धन-दौलत व अन्य सुविधाएं तब तक अच्छी लगती हैं जब तक स्वास्थ्य सही है।

### गेहूं के फांस न जलाएं किसान

**गोहाना।** फिलहाल गेहूं की फसल की कटाई का कार्य शुरू हो चुका है। फसल की कटाई करने के बाद किसान फसल के फांसों में आग न लगाएं इसके लिए गांव में मुनादी करवाई गई। प्रगति युवा क्लब के अध्यक्ष दिलबाग सिंह ने कहा कि कुछ किसान गेहूं की फसल की कटाई करने के बाद फांसों में आग लगा देते हैं जो कदापि उचित नहीं है। इससे आगजनी की घटनाएं बढ़ती हैं और आग फैलने से कई बार खेतों में खड़ी गेहूं की फसल व कटी हुई पुलियां भी जल जाती हैं जिससे भारी नुकसान हो जाता है। फांस जलाने से पेड़-पौधे भी नष्ट हो जाते हैं और व्यापक स्तर पर पर्यावरण प्रदूषित होता है। यह कार्य न केवल अनैतिक अपितु गैर कानूनी भी है। उन्होंने दुकानदारों से अपील की कि वे किसी बच्चे अथवा अनजान व्यक्ति को बीड़ी व माचिस न दें।



ग्रामीणों को जागरूक करते क्लब के अध्यक्ष दिलबाग सिंह।



विद्यार्थियों को दवाएं वितरित करते प्राचार्या डॉ. तराना नेगी व अन्य।

### विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया

**खरखौदा।** शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय पीपली में प्राचार्या डॉ. तराना नेगी के मार्गदर्शन में वाईआरसी सेल प्रभारी डा रेखा, सहप्रभारी नीरा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति प्रभारी डॉ नमिता व जगबीर सिंह द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। उन्होंने बताया कि यह एक वार्षिक वैश्विक स्वास्थ्य जागरूकता दिवस है, जो स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और स्वस्थ जीवन को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। दुनिया भर में बढ़ती बीमारियों के कारण विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाना जरूरी हो गया है। हर साल एक नई बीमारी सामने आती है जो लोगों में चिंता पैदा कर देती है। हर साल, विश्व स्वास्थ्य दिवस प्रमुख स्वास्थ्य मुद्दों के समाधान और स्वास्थ्य सम्बंधित दिक्कतों को रोकने के लिए एक विशिष्ट विषय स्थापित करता है।



गोहाना। समारोह में अपने विचार व्यक्त करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### विद्यार्थी बेहतर जीवनशैली अपनाएं

**गोहाना।** शहर में गीता विद्या मंदिर गोहाना में स्वास्थ्य दिवस पर विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य अश्विनी कुमार ने की छात्र चेतन व छात्रा स्नेहा ने कहा कि दुनिया भर में हर साल सात अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। इसके मनाने के पीछे का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करके बेहतर जीवनशैली को अपनाने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य अश्विनी कुमार ने कहा कि इस वर्ष की थीम स्वस्थ शुरुआत, आशा जनक भविष्य रखी गई है। विश्व स्वास्थ्य दिवस स्वास्थ्य और सेहत से जुड़ी महत्वपूर्ण समस्याओं पर चर्चा करने, समाधान सुझाने और जागरूकता फैलाने का एक सशक्त माध्यम है। स्वस्थ मस्तिष्क में ही स्वस्थ मन का निवास होता है।

# नागरिक शिविरों में अपनी समस्याएं लेकर आएं और समाधान करवाएं

### अब सोमवार और गुरुवार को लगेंगे समाधान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



गोहाना। जानकारी देते हुए एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय।

प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार अब समाधान शिविर रोजाना की बजाए सप्ताह में केवल दो दिन सोमवार और गुरुवार को आयोजित होंगे। सोमवार को यह जानकारी एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय ने दी।

नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रदेश सरकार द्वारा समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। पहले ये शिविर रोजाना आयोजित होते थे लेकिन अब सरकार के निर्देशानुसार सप्ताह में उक्त दो दिन ही ये शिविर आयोजित किए जाएंगे। गोहाना में उपमंडल स्तर पर यह शिविर सोनीपत रोड स्थित उपमंडलीय परिसर में लगाया जाता है। एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को कोई समस्या है तो वह शिविर में आकर अपनी शिकायत दे। उसकी समस्या का जल्द समाधान करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्थानीय प्रशासन की प्राथमिकता लोगों की समस्याओं का समाधान करना है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि समस्याओं के समाधान को लेकर वे कोई ढिलाई न बरतें।



सोनीपत। रक्तदाताओं का हौंसला बढ़ाते हुए। फोटो :हरिभूमि

### 43 यूनिट रक्त एकत्रित किया

**सोनीपत।** गुरु नानक कॉलेज में सोमवार को एक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) तथा नेहरू युवा केंद्र, सोनीपत के संयुक्त सहयोग से किया गया। शिविर में कुल 43 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जेके हिंदू अस्पताल के जीएम सुरेश कालरा रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि रक्तदान एक महान और पुण्य कार्य है। यह ऐसा दान है, जो न केवल जीवन बचाता है, बल्कि समाज में मानवीय मूल्यों को भी सुदृढ़ करता है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान शिविर में कॉलेज की प्राचार्या डॉ. अर्चना आर्य का विशेष सान्निध्य रहा। शिविर की अध्यक्षता नेहरू युवा केंद्र से जसबीर अहलावत ने की।

**कार्यक्रम** आबकारी एवं कराधान विभाग के उपायुक्त व जिला कराधान निरीक्षक ने शिरकत की

# बकाया कर चुकाने में राहत देने के लिए उद्योगपतियों को योजना की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



गन्नौर। आबकारी एवं कराधान विभाग के उपायुक्त नील रतन व जिला कराधान निरीक्षक अजय सरोहा का स्वागत करते एसोसिएशन के पदाधिकारी।

एमएसएमई औद्योगिक वेलफेयर एसोसिएशन के कार्यालय में सोमवार को आबकारी एवं कराधान विभाग की तरफ से जागरूकता शिविर लगाया गया। शिविर में आबकारी एवं कराधान विभाग के उपायुक्त नील रतन व जिला कराधान निरीक्षक अजय सरोहा ने शिरकत की। उपायुक्त नील रतन व जिला कराधान निरीक्षक अजय सरोहा का एसोएसिशन के अध्यक्ष नवीन कौशिक, महासचिव हरप्रीत सिंह, उपाध्यक्ष संजय मित्तल, निशांत छौक्कर ने बुके भेंट कर स्वागत किया। शिविर में हरियाणा एकमुश्त समाधान योजना की जानकारी दी गई। उपायुक्त नील रतन ने बताया कि यह योजना 1 अप्रैल से शुरू होकर 180 दिनों तक लागू रहेगी। योजना का उद्देश्य करदाताओं को बकाया कर चुकाने में राहत प्रदान करना है। यह योजना महाराष्ट्र मूल्य वर्धित कर अधिनियम, केंद्रीय बिक्री कर अधिनियम, एंट्री टैक्स अधिनियम, एलएडीटी अधिनियम, एंटरटेनमेंट ड्यूटी अधिनियम, हरियाणा सामान्य बिक्री कर अधिनियम और लक्जरी टैक्स अधिनियम पर लागू होती है। जिला कराधान निरीक्षक अजय सरोहा ने बताया कि योजना के तहत बकाया करों पर ब्याज और जुर्माने की पूरी माफी दी जाएगी। यदि बकाया राशि 10 लाख तक है, तो 1 लाख की छूट के साथ कुल बकाया का 40 प्रतिशत भुगतान करना होगा। जबकि 10 लाख से 10 करोड़ तक के बकाया पर 50 प्रतिशत भुगतान अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि एक बार कर मामला निपट जाने के बाद उसे दोबारा नहीं खोला जाएगा। शिविर के बाद आबकारी एवं कराधान विभाग के उपायुक्त नील रतन व जिला कराधान निरीक्षक अजय सरोहा ने गुरू नानक पार्क में पौधारोपण भी किया।



सोनीपत। शिविर के दौरान मरीजों की जांच करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**सोनीपत।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर छोटूराम आर्य महाविद्यालय, सोनीपत के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवकों और उजाला सिग्नस अस्पताल की चिकित्सकीय टीम द्वारा तिहाड़-बागड़ू गांव में एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में गांव के बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों ने पंजीकरण कराकर विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इसके साथ ही आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पात्र ग्रामीणों के आयुष्मान कार्ड भी मौके पर बनाए गए। स्वास्थ्य शिविर में उजाला सिग्नस, हिंदू अस्पताल, सोनीपत से डॉ. मींटु दलाल (जनरल फिजिशियन), डॉ. सोनिया चौधरी (गायनोकॉलोजिस्ट) सहित अन्य चिकित्सक एवं नर्सिंग स्टाफ सविता, सागर, अभय, अर्जुन एवं मार्केटिंग टीम से रोहित ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस शिविर का नेतृत्व एवं आयोजन डॉ. ऊषा दहिया (एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर, इकाई एक) तथा डॉ. अभिमन्यु मलिक द्वारा किया गया।

## खबर संक्षेप

### 20 को होगा जाट धर्मशाला की कार्यकारिणी का चुनाव

**गन्नौर।** खेड़ी रोड स्थित जाट धर्मशाला की कार्यकारिणी का त्रिवार्षिक चुनाव रविवार 20 अप्रैल को होगा। यह जानकारी जाट धर्मशाला सभा के महासचिव रमेश नैन व कोषाध्यक्ष भूप सिंह राठी ने संयुक्त रूप से दी। प्रधान विरेन्द्र राठी ने बताया कि धर्मशाला सभा के सदस्यों से अपील है कि वे चुनाव प्रक्रिया में भाग ले।

### 3444.47 मीट्रिक टन सरसों की खरीद

**सोनीपत।** रबी सीजन के तहत जिले में सरसों की खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी है। प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार किसानों की उपज निर्धारित मानकों के अनुरूप खरीदी जा रही है और उनकी सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। अब तक जिले में कुल 3444.47 मीट्रिक टन सरसों की खरीद हो चुकी है। उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि सरसों की खरीद निर्धारित एमएसपी मूल्य 5950 पर की जा रही है।

### घर के सामने खड़ी ई रिक्शा चोरी, केस दर्ज

**खरखौदा।** मटिंडू मार्ग पर एक मकान के आगे खड़ी ई रिक्शा चोरी हो गई है। ई रिक्शा के मालिक विकास ने बताया कि उसने अपनी ई रिक्शा को रात्रि के समय अपने मकान के सामने खड़ा किया था। सुबह उसे अपनी रिक्शा नहीं मिली। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अवैध हथियार सहित आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट सेक्टर-3 सोनीपत पुलिस ने अवैध हथियार की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सलमान निवासी नांगल कला सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। सिपाही नरेश ने बताया कि उनकी टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर नांगल कला के पास से संदिग्ध हालत में युवक को काबू किया। तलाशी के दौरान उसके पास एक पिस्तौल व एक जिंदा रौंद बरामद हुआ।

### डेरा बाबा भभूतनाथ का दान पात्र चोरी

**गन्नौर।** पांची जाटान गांव स्थित डेरा बाबा भभूतनाथ से चोर दान पात्र चोरी कर ले गए। चोरी की घटना डेरे पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसमें गांव के ही दो युवक दान पात्र चोरी कर ले जाते दिखाई दे रहे हैं। डेरा के महंत ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। डेरा बाबा भभूतनाथ पांची जाटान के महंत बाबा प्रकाशनाथ ने बताया कि 4 अप्रैल को रात करीब 12 बजे दान पात्र चोरी हो गया। जिसके बाद उन्होंने डेरे पर लगे कैमरों की फुटेज देखी तो गांव के ही कुछ व्यक्ति दान पत्र को ले जाते हुए दिखाई दिए। उन्होंने बताया कि चोरी करने वालों में गांव के ही भोलू और विकास हैं। पुलिस ने शिकायत पर भोलू व विकास के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी ।

# गर्मी शुरू होते ही बिजली खपत एक करोड़ यूनिट के पार, अघोषित कट बने परेशानी

## खपत बढ़ने से लाइन फाल्ट और फ्यूज उड़ने की शिकायतों में इजाफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

गर्मी बढ़ने के साथ-साथ जिले में बिजली की मांग भी रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच चुकी है। बीते चार दिनों से जिले में प्रतिदिन एक करोड़ यूनिट से अधिक बिजली की खपत दर्ज की जा रही है। जबकि पहले यह आंकड़ा 85 लाख से 98 लाख यूनिट के बीच बना हुआ था। शनिवार को खपत 1.08 करोड़ यूनिट तक पहुंच गई, वहीं रविवार को फैक्ट्रियां के बंद होने के कारण खपत कुछ घटकर 91.57 लाख यूनिट रही।

बिजली खपत में बढ़ोतरी के साथ ही लाइन लॉस भी बढ़ गया है, जिससे जिले के कई क्षेत्रों में अघोषित बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है। अधिकारियों द्वारा निर्बाध आपूर्ति के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन रोजाना करीब 350 शिकायतें फाल्ट और फ्यूज उड़ने की दर्ज हो रही हैं, जो एक सप्ताह पहले 200 के आसपास थीं। सोनीपत सर्कल में बिजली की खपत सबसे अधिक दर्ज की जा रही है। औद्योगिक क्षेत्रों और शहरी इलाकों में लोड बहुत अधिक है, जिससे आपूर्ति और मांग के बीच बड़ा अंतर पैदा हो रहा है। शहरवासियों और उद्योगपतियों को बार-बार कटौती का सामना करना पड़ रहा है, जिससे कामकाज भी प्रभावित हो रहा है।

उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम (यूएचबीएवीएन) ने बिजली की मांग को देखते हुए कृषि क्षेत्र में बिजली आपूर्ति के समय में बदलाव किया है। अब किसान रात 10:45 बजे से सुबह 5:45 बजे तक और शाम 5:45 बजे से 6:45 बजे तक बिजली का उपयोग कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त, जिन गांवों में 16 घंटे की बिजली आपूर्ति होती है, वहां भी नया शेड्यूल लागू किया गया है। गांवों में अब बिजली शाम 6:45 बजे से सुबह 6:45 बजे तक और दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक दी जा रही है।

गेहूं कटाई के सीजन को देखते हुए कुछ गांवों में दिन की आपूर्ति को सीमित किया गया है। कटाई सीजन खत्म होते ही फिर से सामान्य दिनचर्या के अनुसार बिजली आपूर्ति शुरू की जाएगी।

**तारीख बिजली खपत (यूनिट में)**
औसत (पहले) 85-98 लाख यूनिट
शनिवार (5 अप्रैल) 1.08 करोड़ यूनिट
रविवार (6 अप्रैल) 91.57 लाख यूनिट

**कृषि क्षेत्र के लिए बिजली आपूर्ति का नया समय**
समयावधि बिजली आपूर्ति
रात 10:45 बजे – सुबह 5:45 बजे सिंचाई के लिए
शाम 5:45 बजे – 6:45 बजे अतिरिक्त एक घंटा



**गांवों के लिए बदली गई बिजली आपूर्ति**
शाम 6:45 बजे – सुबह 6:45 बजे लगातार 12 घंटे
दोपहर 12 बजे – शाम 4 बजे कटाई सीजन को देखते हुए आपूर्त

- कृषि क्षेत्र और गांवों में बदल दिया बिजली आपूर्ति का समय
- रोजाना 350 शिकायतें आ रही हैं फाल्ट व फ्यूज उड़ने की
- रविवार को फैक्ट्रियां के बंद होने के कारण खपत कुछ घटी

### एक करोड़ यूनिट से ज्यादा खपत

गर्मी बढ़ने के साथ बिजली की खपत में इजाफा हो रहा है। 3 अप्रैल से 1 करोड़ यूनिट से ज्यादा बिजली खपत हो रही है। साथ ही खेतों में बिजली आपूर्ति व जिन गांव में 16 घंटे बिजली आपूर्ति हो रही है, वहां के बिजली के समय में बदलाव किया गया है।

-**गीतूराम तंवर**, अधीक्षण अभियंता, बिजली निगम

### सरपंचों ने की दिन में बिजली की मांग, निगम के लिए चुनौती

कई गांवों के सरपंचों ने निगम को पत्र लिखकर दिन में भी बिजली उपलब्ध कराने की मांग की है, जिससे कटाई व थ्रेसिंग कार्य समय पर और बिना बाधा के पूरे किए जा सकें। यूएचबीवीएन का कहना है कि कटाई के सीजन के बाद दिन की आपूर्ति को दोबारा बहाल कर दिया जाएगा। बिजली निगम के अधिकारियों के सामने सबसे बड़ी चुनौती बढ़ती गर्मी के बीच निर्बाध आपूर्ति बनाए रखना है। लगातार बढ़ रही खपत और तकनीकी दिक्कतों के बीच प्रशासन को अपनी योजना और नेटवर्क को और मजबूत करने की आवश्यकता है। वहीं आमजन को उम्मीद है कि जल्द ही बिजली की कटौती और फाल्ट की समस्याओं से राहत मिलेगी।



गन्नौर। प्रतिभागी छात्र स्कूल के निदेशक अजय यादव व शिक्षकों के साथ।

# कचरे से कला बनाने की गतिविधियों में विद्यार्थियों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

- निदेशक अजय यादव व उप प्राचार्य अरुण गौतम ने बच्चों का बढ़ाया हौसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल में सोमवार को विभिन्न कक्षाओं के छात्रों की रोमांचक और शैक्षिक गतिविधियाँ आयोजित की। जिनका उद्देश्य रचनात्मकता और पर्यावरणीय जागरूकता को बढ़ावा देना था। छात्रों को कला और पुनःचक्रण सामग्रियों का उपयोग करके अपनी नवाचारी क्षमताओं को व्यक्त करने के लिए प्रेरित किया गया। कक्षा पांचवी तक के छोटे छात्रों ने चित्रकला गतिविधि में भाग लिया, जिसमें विभिन्न थीम्स पर अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। गतिविधि में छात्रों को रंग, आकार और विभिन्न माध्यमों का उपयोग करके कागज पर अपनी कल्पनाओं को जीवंत करने के लिए प्रकृति से प्रेरित चित्र और अमूर्त चित्र शामिल थे। कक्षा छटी से दसवीं के छात्रों ने पुराने समाचार पत्र, कार्डबोर्ड, प्लास्टिक की बोतलें, बोतल के ढक्कन और कपड़ों के टुकड़ों जैसी सामग्रियों का उपयोग करके अभिनव स्कल्पचर्स, मॉडल बनाए। स्कूल के निदेशक अजय यादव व उप प्राचार्य अरुण गौतम ने छात्रों के उत्साह और उनके कार्यों की गुणवत्ता की सराहना की।

# हैप्पी चाइल्ड इंटरनेशनल स्कूल में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

हैप्पी चाइल्ड इंटरनेशनल स्कूल में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार की गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य संबंधी विचार भाषण, नृत्य और एक्ट के माध्यम से प्रस्तुत किए। उन्होंने फास्ट फूड के दुष्प्रभावों को उजागर करते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।

स्कूल प्रबंधक सुनील नागपाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रधानाचार्या उषा मलिक ने विद्यार्थियों को बताया कि यह दिवस पूरे विश्व में लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करता है। उन्होंने संतुलित आहार व दिनचर्या में बदलाव पर जोर दिया।



गन्नौर। पौष्टिक सब्जियों के महत्व को समझाती स्कूल की छात्रा। फोटो : हरिभूमि

### गन लाइसेंस बनवाने, वीजा लगवाने व प्लॉट दिलाने के नाम पर ठगी करने वाला गिरफ्तार



**सोनीपत।** जिले की क्राइम यूनिट वेस्ट टीम ने गन लाइसेंस बनवाने, वीजा लगवाने व प्लॉट दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी कर लाखों रुपये की राशि ठगने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित रोहित निवासी मॉडर्न कॉलोनी गुरुग्राम का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपित को छह दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। टांडा निवासी प्रहलाद ने गत 27 जनवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसकी मुलाकात वर्ष 2023 में रोहित यमुनानगर हाल सेक्टर-37 सी गुरुग्राम के साथ हमारे गांव के हरिश के माध्यम से हुई थी। उसके बाद उसकी दोस्ती हो गई। रोहित ने उसे विश्वासन में लेकर रुपयों का लेनदेन शुरू कर दिया। वह 12 जनवरी 2024 को वह रोहित, हरिश शॉपिग के लिए करने के लिए कच्चे क्वाटर में गया हुआ था। जो रोहित ने हमारे पास नकद पैसे देखकर मुझे बोला की कि मेरा केएमपी रोड झज्जर के पास पेट्रोल पम्प का काम चला हुआ है। जल्दी पेट्रोल पम्प का काम शुरू होने वाला हैं। सरकारी कार्यालयों में अच्छी जानकारी और जल्दी से तेरा गन लाईसेंस बनवा देगा। उसे अपने पेट्रोल पम्प पर अच्छी सैलरी दिला देगा। उसके लिए उसने 50 हजार रुपये की मांग की। उसके बाद फिर से एक लाख रुपये की डिमांड की। उक्त राशि पेटीएम से खाते में डाल दिया। उसके बाद अलग-अलग समय पर उसे झांसे में लेकर राशि लेता रहा।

# पीएम श्री राजकीय स्कूल में हवन से नए शैक्षणिक सत्र का शुभारम्भ



गन्नौर। हवन में शिक्षकों के साथ आहुति डालते प्रधानाचार्य विवेक शर्मा व शिक्षक।

- प्रधानाचार्य विवेक व शिक्षकों ने यज्ञ में डाली आहुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

पी. एम. श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दातौली के प्रांगण में प्रवेश-उत्सव मनाया गया। सर्वप्रथम कक्षा छठी के विद्यार्थियों का तिलक लगाकर और फूलमाल पहनाकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात हवन में प्रधानाचार्य विवेक शर्मा, शिक्षकों व छात्रों ने हवन में आहुति डाली। हवन के पश्चात प्रसाद वितरण हुआ। छात्राओं ने मंच पर सुन्दर नृत्य प्रस्तुति दी। लघु नाटिका के माध्यम से विद्यार्थियों ने सरकारी विद्यालय में दाखिला लेने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रधानाचार्य ने विद्यालय में आए हुए अभिभावकों व ग्रामीणों से अपने बच्चों का सरकारी विद्यालय में दाखिला कराने का अनुरोध किया।

# लिटल एंजल्स स्कूल में किया हवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

लिटल एंजल्स इंक्लूसिव स्कूल, सोनीपत में शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ हवन और पूजा-अर्चना के साथ उत्साहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्या सोनिया अरोड़ा, लिटल एंजल्स स्कूल की प्रधानाचार्या आशा गोयल, उपप्रधानाचार्या गीता अरोड़ा तथा अन्य विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत हवन से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने आहुति अर्पित कर ज्ञान और सफलता की कामना की।

मां सरस्वती की पूजा कर उनके आशीर्वाद से नए सत्र की शुरुआत की गई। अध्यापिकाओं ने बच्चों को तिलक लगाकर शुभकामनाएं दीं। प्रधानाचार्या आशा गोयल ने शिक्षा और संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डाला, जबकि प्रधानाचार्या सोनिया अरोड़ा ने बच्चों को समग्र विकास के लिए प्रेरित किया और विशेष बच्चों की राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय उपलब्धियों पर गर्व जताया। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को प्रसाद वितरित किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।



सोनीपत। लिटल एंजल्स स्कूल में हवन में शामिल प्राचार्य एवं अन्य।

# तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित एक की मौत और दूसरा घायल

- घायलों को दिल्ली के अस्पताल में उपचार के लिए लाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर कुंडली बॉर्डर पर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। ढाबे पर खाना-खाकर दिल्ली वापस लौट रहे बाइक सवार दो युवक बाइक अनियंत्रित होकर गिरने से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए दिल्ली के अस्पताल में लेकर जाया गया। जहां एक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पमानंद कॉलोनी दिल्ली निवासी मुकेश ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि उसकी बहन का बेटा हिमांशु (31) व उसका दोस्त रितिक कुंडली बॉर्डर पर हादसे का शिकार हो गए है। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे। जहां घायलों को दिल्ली के अस्पताल में उपचार के लिए लाया गया। बालाजी अस्पताल में हिमांशू की उपचार के दौरान मौत हो गई। जबकि दूसरे का उपचार चल रहा है। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। एसआई कृष्ण ने बताया कि दोनों मुरथल ढाबे से खाना खाकर वापस लौट रहे थे। बाइक तेज रफ्तार होने के चलते बार्डर के पास बाइक से टकरा गई।



सोनीपत। आरोग्य भारतीय सोनीपत इकाई के पदाधिकारी एवं सदस्यगण। फोटो : हरिभूमि

# डॉ. सुनील पंवार को बनाया आरोग्य भारती का जिलाध्यक्ष

- मेरा स्वास्थ्य है मेरा दायित्व विषय पर हुई मासिक बैठक, जिला कार्यकारिणी का भी हुआ चुनाव

**सोनीपत।** आरोग्य भारती सोनीपत इकाई की मासिक सेक्टर 12 सोनीपत में बैठक हुई। बैठक का मुख्य विषय मेरा स्वास्थ्य है मेरा दायित्व रहा। इस बैठक में प्रांत संगठन सचिव डॉ. योगी यशपाल आर्य ने संगठन के विस्तार पर जानकारी दी। जिला संघचालक डॉ. मनोज राय ने कहा कि आरोग्य भारती का उद्देश्य हम स्वस्थ व्यक्ति, स्वस्थ परिवार, स्वस्थ ग्राम, स्वस्थ राष्ट्र हैं।

हम सभी का लक्ष्य स्वस्थ समाज का निर्माण करना हो तथा स्वस्थ भारत और समृद्ध भारत की संकल्पना को जमीनी स्तर पर साकार करके पुनः अपने भारत वर्ष को विश्व गुरु बना सकते हैं। बैठक में जिला संरक्षक वैद्य महेंद्र वर्मा का भी सानिध्य प्राप्त हुआ। इस दौरान जिला कार्यकरिणी की घोषणा की गई। जिसमें जिला अध्यक्ष के रूप में डॉ. सुनील पंवार, जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र दहिया एडवोकेट गोहाना एवं सुरेंद्र भारती के नाम की घोषणा हुई। सचिव डॉ. कृष्ण कुमार एवं सह सचिव रणवीर सरोहा तथा कोषाध्यक्ष दीप तनेजा बने। स्वस्थ ग्राम जिला संयोजक के रूप में रामवीर एवं सह संयोजक शिवकुमार के नाम की घोषणा हुई।

पर्यावरण आयाम संयोजक दिलबाग, स्वास्थ्य कार्यक्रम संयोजक वीरेंद्र सिंह, योग संयोजक पंकज योगाचार्य, व्यसन मुक्ति संयोजक खुशी राम, चिकित्सा कार्य सुनील, स्वस्थ जीवन शैली संयोजक रामनिवास शास्त्री के नाम की घोषणा हुई।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

# एसडीएम ने पटवारखाने सहित कई कार्यालयों का किया औचक निरीक्षण

**खरखौदा।** एसडीएम डा. निर्मल नागर ने सोमवार को पटवारखाने का औचक निरीक्षण किया। जिसमें पटवारियों के रोजनामचे भी चेक किए। वहां पर जो पब्लिक काम कराने के लिए आई हुई थी, उनसे भी फीड बैक लिया। उन्होंने पटवारियों को निर्देश दिए हैं कि जो भी पब्लिक यहां पर आती है और उन्हें अगर जगह संबंधी मामलों का ठीक से ज्ञान नहीं है तो उन्हें अच्छे से समझाया जाए और बताया जाए कि उनका काम कैसे होगा।एसडीएम ने सभी पटवारियों को निर्देश दिए हैं कि सरकार की गाईडलाइन के मुताबिक सभी पटवारियों को अब सुबह 10 बजे से 12 बजे तके दो घंटे पब्लिक का काम निपटाना होगा। फील्ड में इसके बाद जाएंगे। इसके इलावा अगर फील्ड में जाना जरूरी हुआ तो फील्ड बुक में इंट्री करके जाना होगा। सभी पटवारियों को अपने कार्यालयों के सामने अपना नाम व अपने हलके के गांवों के नाम लिखने होंगे, ताकि ग्रामीणों को सम्बद्ध पटवारी तक पहुंचने में आसानी हो।

### कई कर्मी मिले गैरहाजिर

एसडीएम डा. निर्मल नागर ने कृषि कार्यालय, हॉर्टिकल्चर व खाद्य आपूर्ति विभाग के कार्यालय का भी दौरा किया। कृषि विभाग के अधिकारी सहित सभी कर्मचारी हाजिर मिले। जबकि खाद्य आपूर्ति विभाग व हॉर्टिक्लचर विभाग के कार्यालय में केवल एक एक कर्मचारी हाजिर मिला है। सभी के आर्डर एसडीएम ने मंगाए हैं। अगर उनका रिकार्ड नहीं मिला तो उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किए जाएंगे।

# सड़क पर बिछी डामरी की परत, लोगों की मिली राहत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

गन्नौर से पुगथला रोड वाया खुबडू सड़क का निर्माण होने से वाहन चालकों को राहत मिली है। सड़क पर लोक निर्माण विभाग द्वारा डामर की पहली परत बिछा दी गई है। जिससे वाहन चालाकों के लिए इस सड़क से आवाजाही शुरू हो गई है। सड़क को विभाग द्वारा पिछले साल उखड़वा दिया था, लेकिन उसके बाद रोक दिया गया। विभाग के अधिकारियों की मानें तो पहले ठंड और फिर वर्षा होने के बाद काम शुरू नहीं किया जा सका।

अब विभाग द्वारा सड़का नवनिर्माण कर दिया गया है। 16.70 किलोमीटर इस लंबी सड़क पर कुल 11 करोड़ 61 लाख रुपये की धनराशि खर्च की जाएगी। शहर को वाया खुबडू से शाहपुर एनएच 71ए से जीटी रोड से जोड़ने वाली सड़क का जीर्णोद्धार कई वर्षों से नहीं हुआ था। यह सड़क पिछले कई वर्षों से सड़क बुरी तरह से क्षतिग्रस्त अवस्था में पड़ी है और क्षेत्र के लोग रोड के निर्माण की बाट जोह रहे थे।

### जल्द बिछाई जाएगी दूसरी परत

लोक निर्माण विभाग के जेई नवनीत कुमार ने बताया कि सड़क निर्माण का कार्य अभी चल रहा है। अभी सड़क पर डामर की पहली परत बिछा दी गई है। जिससे अब यहां यातायत सुगम हो गया है। जल्द ही डामर की दूसरी परत भी बिछा दी जाएगी। अगले 10 दिनों में सड़क निर्माण का कार्य पूरा हो जाएगा।

PARAS INSTITUTE OF COMMERCE PVT. LTD. CA
Paras CA Foundation RESULT 80% to 90%
PIONEER INSTITUTE FOR CA COACHING SINCE 1995
Admission OPEN FOR CA Foundation Sept. 25
350 DRISHTI
344 MANAN
339 DARSHIL
Batches Start 8th April 25
Book your seat now
Near City Mall, Sonipat
Call : 9149112716
7015755714